F.No.J- 25011/89/2020-Gen
Government of India
Ministry of Petroleum & Natural Gas
(General Section)

Dated :16th August, 2023

# OFFICE MEMORANDUM

**Subject: Monthly Summary of Ministry of Petroleum and Natural Gas for the month of July 2023**

The undersigned is directed to circulate herewith a copy of the Monthly Summary (Both English & Hindi) of the Ministry of Petroleum & Natural Gas for the month of July, 2023.

2. This issues with the approval of the Competent Authority.

नोवस किंडो
16/08/2023
(Noas Kindo)
Under Secretary to the Govt. of India

Encl.: As above

To,

1. Deputy Chairman, NITI Aayog, Yojana Bhavan, New Delhi
2. Cabinet Secretary, Rashtrapati Bhawan New Delhi
3. All Secretaries to Government of India
4. Information Officer, PIB, Shastri Bhawan, New Delhi

**Monthly Summary of Ministry of Petroleum and Natural Gas for the month of July, 2023**

## I. Marketing Operations

1. Approx. 3.5 lakh new LPG connections were issued during the month by Oil Marketing Companies (OMCs)

   As on 01.08.2023, there are 31.43 crore active LPG connections including 9.59 crore PMUY connections.

2. The number of Letter of Intent (LOI) issued and distributorships commissioned during 01.07.2023 to 31.07.2023 on industry basis are 07 and 13 respectively.

3. As on 31.7.2023, a total of 36,673 retail outlets have been solarised.

4. During July, 2023 retail prices of Petrol remained unchanged (e.g. at Rs.96.72/litre in Delhi). Similarly, retail prices of Diesel remained unchanged (e.g. at Rs.89.62/litre in Delhi).

5. Price of domestic LPG cylinder of 14.2 Kg remained unchanged at Rs 1103 per cylinder (in Delhi) during the month. With a targeted subsidy of Rs 200/14.2 Kg cylinder, effective cost was Rs.903 per cylinder (in Delhi) for PMUY consumers.

6. There is NIL under recovery on PDS Kerosene as on 1st July, 2023.

## II. Crude Oil

1. Domestic crude oil production during July 2023 was 2.50 MMT, which is showing 98.2% achievement over the target (2.54 MMT) for the month and 101.8% achievement over the production (2.45 MMT) of corresponding month of last year (July 2022). Cumulative crude oil production during April-July, 2023 was 9.80 MMT, which is showing 98.6% achievement over the target for the period and 98.9% achievement over the production of the corresponding period of last year.

2. During July 2023, the price of the Indian Basket of Crude oil varied between $75.32 and $85.66 per barrel and the average price for the month was $80.37 per barrel, 7.26% higher than the average price of $74.93 per barrel for June, 2023.

## III. Gas supply

1. Natural gas production during July 2023 was 3.13 BCM, which is showing 96.5% achievement over the target (3.25 BCM) for the month and 108.6% achievement over the production (2.88 BCM) of corresponding month of last year (July 2022). Cumulative natural gas production during April-July, 2023 was 11.70 BCM, which is showing 97.5% achievement over the target for the period and 102.3% achievement over the production of the corresponding period of last year.

2. As on 31.05.2023, approximately 112.14 lakh PNG domestic connections have been provided by the various CGD entities authorized by the PNGRB.

3. PNGRB has authorized GAIL, on 12.07.2023, for laying, building, operating or expanding Gurdaspur-Jammu Natural Gas Pipeline under the PNGRB (Authorizing Entities to Lay, Build, Operate or Expand Natural Gas Pipelines) Regulation, 2008.

## IV. Bio fuels and Ethanol Blending

1. For the Ethanol Supply Year (ESY) 2022-23 (ESY: 1st December to 31st October) the Oil Marketing Companies (OMCs) floated a tender for 599.7 crore litres of Ethanol against which Letter of Intents (LoIs) for 564.45 crore litres of Ethanol were issued. OMCs have received 386.77 crore litres of ethanol as of July 30th, 2023, allowing for a cumulative blending of 11.77% for the ESY 2022–23.

2. During the FY 2023-24, OMCs have procured 15.10 crore litres of biodiesel for the biodiesel blending programme upto 31st July, 2023.

3. Oil and Gas PSUs have taken various steps towards establishing Pilot and Commercial Green Hydrogen Plants of 33.17 KTPA by 2026. GAIL has implemented ~2% Hydrogen blending in Indore CGD. OIL has also implemented ~2% Hydrogen blending with natural gas for captive usage at Jorhat.

Ministry of Petroleum and Natural Gas has taken several initiatives in promoting the hydrogen in transportation including the trial operation of 50 buses at Rajghat Depot, Delhi on Hydrogen mixed with CNG (H-CNG) as fuel and trial run of hydrogen fuel cell buses in routes like Vadodara-Kavedia and Jorhat-Kaziranga National Park.

## V. Reducing Import Dependency

1. India imported 60.1 MMT of crude oil for US$ 31.4 billion during April-June 2023 as compared to an import of 60.7 MMT for $ 48.1 billion during April-June 2022. Import dependency on crude oil during April-June 2023 was 88.3% as compared to 86.5% during the corresponding period of last year.

2. India imported 7.59 BCM for US$ 3.8 billion of LNG during April-June 2023 as compared to LNG imports of 7.27 BCM for US$ 4.7 billion during April-June 2022 period. Import dependency on Natural Gas was 47.6% during April-June 2023 as compared to 46.6% during April-June 2022.

## VI. GeM Procurement

Oil PSUs procured items worth Rs.8681.06 Crore through GeM portal till 31st July, 2023. 100% procurement is being done through GeM for items that are available on the portal.

## VII. International Cooperation

1. Pre-bid Conference for Offshore Bid Round OALP-9 was held at Houston, USA from 6th to 7th July 2023. The Indian Delegation was led by Secretary, Petroleum and Natural Gas. The Plenary Session saw participation of close to 60 delegates representing 35 companies. The event also included (i) business session and (ii) a One on One Interaction led by Secretary, Petroleum and Natural Gas.

2. A Memorandum of Understanding (MoU) was signed between DGH and the University of Houston (UH) during India Energy Week 2023 to establish E&P Data Centre in the premise of UH. The UH-DGH Data Centre was launched by Secretary, Petroleum and Natural Gas on 07.07.2023, which was followed by a Symposium organized by University of Houston.

3. Secretary, Petroleum and Natural Gas participated in the India-US workshop on the Geological Storage of Carbon under the US-India Strategic Clean Energy Partnership - Emerging Fuels and Technology Pillar on 17th July 2023 in New Delhi.

4. Hon'ble Minister of Petroleum and Natural Gas & Housing and Urban Affairs met the Brazilian Parliamentary delegation along with members of UNICA on 18th July 2023 to discuss the ongoing trade & bilateral relations, mainly in Oil & Gas between the two countries.

5. Hon'ble Minister of Petroleum and Natural Gas & Housing and Urban Affairs co-chaired the Ministerial meeting of the U.S.-India Strategic Clean Energy Partnership (SCEP) with U.S. Energy Secretary HE Jennifer Granholm on 18th July 2023 in New Delhi. Agencies from across the U.S. and Indian governments demonstrated a number of accomplishments across the five technical pillars of cooperation on: 1) Power & Energy Efficiency, 2) Renewable Energy, 3) Responsible Oil & Gas, 4) Sustainable Growth, and 5) Emerging Fuels and Technologies. Both Ministers affirmed that the SCEP represents a comprehensive vision to decarbonize while ensuring healthy rates of growth for both countries and expressed hope that the work undertaken under the SCEP will continue to pave the way for a new and promising future.

6. Hon'ble Minister of Petroleum and Natural Gas & Housing and Urban Affairs co-chaired US-India energy round-table with U.S. Energy Secretary HE Jennifer Granholm, which was hosted by US India Strategic Partnership Forum (USISPF) on 18th July 2023 in New Delhi.

7. Secretary, Petroleum & Natural Gas participated in Sustainable Mobility: Ethanol Talks, Special Edition Energy Week, India on $20^{th}$ July 2023 on a special invite from H.E. Alexandre Silveira de Oliveira, Minister of State of Mines and Energy, Brazil. The Seminar was organized by UNICA, APLA from Brazil, and ISMA & SIAM from the Indian side. During the seminar, the Hon'ble Minister of State of Mines and Energy Brazil agreed to support India's initiative of developing Global Biofuels Alliance.

8. Hon'ble Minister of Petroleum and Natural Gas & Housing and Urban Affairs addressed a session on 'Powering Progress in the Global South: Accessible & affordable clean energy for all' at T20 in Goa on $22^{nd}$ July 2023. In his address, the Hon'ble Minister stressed that with about 75% of the world population of ~8 billion living in the global south which comprises 155 of 195 existing countries, global energy discourse has to consider the needs of energy availability, affordability & sustainability as their economies are more vulnerable to price volatilities.

9. Hon'ble Minister of Petroleum and Natural Gas & Housing and Urban Affairs headed a Special Ministerial Consultations & Recommendations on the Global Biofuels Alliance in Goa on $22^{nd}$ July 2023. Nineteen countries including Brazil, USA, Italy, Argentina Kenya, & UAE and 11 International organizations including IEA, IEF, IRENA, WEF, World Bank, highlighted the importance of sharing best practices across policy, technology, & implementation. The forum recognized that overcoming challenges such as feedstock management, standards development, & technological innovations require a collaborative approach & welcomed the initiative by the Indian Presidency to move towards the creation of the global alliance. Post conclusion of the Ministerial Consultations, the Hon'ble Minister of Petroleum and Natural Gas & Housing and Urban Affairs held bilateral meetings with Kenya, Brazil, OPEC and Italy.

10. Hon'ble Minister of Petroleum and Natural Gas & Housing and Urban Affairs met Dr Sultan Al Jaber, COP28 President-Designate, UAE Special Envoy for Climate Change, and Minister of Industry and Advanced Technology in Goa on $22^{nd}$ July 2023. Hon'ble Minister discussed COP28's priorities focused on decarbonizing the current energy system and accelerating the energy transition.

## VIII. Miscellaneous

1. MoP&NG co-chaired a virtual meeting on Emerging Fuel and Technology Pillar with US delegation led by Mr. Michael Berube, Deputy Assistant Secretary for Sustainable Transportation, Department of Energy (DOE), US on 6th July'2023.

2. MoP&NG co-chaired in a virtual format the 6th Joint Working group meeting with Mr. Khaled W. Al-Deyain, Assistant Under secretary for Technical Affairs, Ministry of Oil Kuwait on 31st July, 2023 to review bilateral co-operation between both the countries in hydrocarbon sector.

3. IOCL has signed two heads of agreement for sourcing of LNG on long-term basis as per following details:-

   i. sourcing upto 1.2 MMTPA LNG from ADNOC LNG for a period of 14 years.

   ii. sourcing 0.80 MMTPA LNG from TotalEnergies for a period of 10 years.

   The supplies under the two deals are expected to commence from 2026 onwards.

फ. सं. जे-25011/89/2020-सामान्य
भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय
(सामान्य अनुभाग)

दिनांक 16th अगस्त, 2023

<u>कार्यालय ज्ञापन</u>

विषयः पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय का जुलाई, 2023 माह के लिए मासिक सारांश

अधोहस्ताक्षरी को जुलाई, 2023 माह के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के मासिक सारांश की एक प्रतिलिपि (हिंदी और अंग्रेजी दोनों) एतद्वारा परिचालित करने का निदेश दिया जाता है।

2. इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

नोवस किन्डो 16/8/2023
(नोवस किन्डो)
अवर सचिव, भारत सरकार

संलग्नः यथोक्त

सेवा में,

1. उपाध्यक्ष, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली
2. मंत्रिमंडल सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली
3. भारत सरकार के सभी सचिव
4. सूचना अधिकारी, पीआईबी, शास्त्री भवन, नई दिल्ली

जुलाई, 2023 माह के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय का मासिक सारांश

I. विपणन प्रचालन

1. तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज) द्वारा माह के दौरान लगभग 3.5 लाख नए एलपीजी कनेक्शन जारी किए गए।

दिनांक 01.08.2023 की स्थिति के अनुसार 9.59 करोड़ पीएमयूवाई कनेक्शन सहित 31.43 करोड़ सक्रिय एलपीजी कनेक्शन हैं।

2. उद्योग आधार पर दिनांक 01.07.2023 से 31.07.2023 के दौरान जारी किए गए आशय पत्र (एलओआई) और चालू की गई डिस्ट्रीब्यूटरशिप्स की संख्या क्रमशः 07 और 13 हैं।

3. दिनांक 31.7.2023 की स्थिति के अनुसार, कुल 36,673 खुदरा बिक्री केंद्रों को सौर ऊर्जा से सुसज्जित किया गया है।

4. जुलाई, 2023 के दौरान पेट्रोल के खुदरा मूल्य अपरिवर्तित रहे (उदाहरण के लिए दिल्ली में 96.72 रुपये/लीटर)। इसी तरह, डीजल के खुदरा मूल्य अपरिवर्तित रहे (उदाहरण के लिए दिल्ली में 89.62 रुपये प्रति लीटर)।

5. 14.2 किलोग्राम के घरेलू एलपीजी सिलेंडर का मूल्य माह के दौरान 1103 रुपये प्रति सिलेंडर (दिल्ली में) पर अपरिवर्तित रहा। 200 रुपये/14.2 किलोग्राम सिलेंडर की निर्धारित राजसहायता के साथ, पीएमयूवाई उपभोक्ताओं के लिए प्रभावी लागत 903 रुपये प्रति सिलेंडर (दिल्ली में) थी।

6. 1 जुलाई, 2023 तक पीडीएस केरोसिन पर शून्य अल्प वसूली है।

II. कच्चा तेल

1. जुलाई 2023 के दौरान घरेलू कच्चे तेल का उत्पादन 2.50 एमएमटी था, जो माह के लक्ष्य (2.54 एमएमटी) से 98.2% अधिक उपलब्धि और पिछले वर्ष (जुलाई 2022) के इसी माह के उत्पादन (2.45 एमएमटी) से 101.8% अधिक उपलब्धि दर्शाता है। अप्रैल-जुलाई, 2023 के दौरान कच्चे तेल का संचयी उत्पादन 9.80 एमएमटी था, जो इस अवधि के लक्ष्य से 98.6% अधिक उपलब्धि और पिछले वर्ष की इसी अवधि के उत्पादन से 98.9% अधिक उपलब्धि दर्शाता है।

2. जुलाई 2023 के दौरान, कच्चे तेल की भारतीय बास्केट का मूल्य 75.32 डॉलर और 85.66 डॉलर प्रति बैरल के बीच रहा और माह का औसत मूल्य 80.37 डॉलर प्रति बैरल था, जो जून, 2023 के औसत मूल्य 74.93 डॉलर प्रति बैरल से 7.26% अधिक है।

III. गैस की आपूर्ति

1. जुलाई 2023 के दौरान प्राकृतिक गैस का उत्पादन 3.13 बीसीएम था, जो माह के लक्ष्य (3.25 बीसीएम) से 96.5% अधिक उपलब्धि और पिछले वर्ष के इसी माह (जुलाई 2022) के उत्पादन (2.88 बीसीएम) से 108.6% अधिक उपलब्धि दर्शाता है। अप्रैल-जुलाई, 2023 के दौरान संचयी प्राकृतिक गैस उत्पादन 11.70 बीसीएम था, जो इस अवधि के लक्ष्य से 97.5% अधिक उपलब्धि और पिछले वर्ष की इसी अवधि के उत्पादन से 102.3% अधिक उपलब्धि दर्शाता है।

2. दिनांक 31.05.2023 की स्थिति के अनुसार, पीएनजीआरबी द्वारा प्राधिकृत विभिन्न सीजीडी कंपनियों द्वारा लगभग 112.14 लाख पीएनजी घरेलू कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।

3. पीएनजीआरबी ने 12.07.2023 को पीएनजीआरबी (प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन अथवा विस्तार करने के लिए कंपनियों को प्राधिकृत करना) विनियमन, 2008

के तहत गुरदासपुर-जम्मू प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, प्रचालन अथवा विस्तार के लिए गेल को प्राधिकृत किया है।

IV. जैव ईंधन और एथेनॉल मिश्रण

1. एथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2022-23 (ईएसवाई: 1 दिसंबर से 31 अक्टूबर) के लिए तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज) ने 599.7 करोड़ लीटर एथेनॉल के लिए निविदा जारी की, जिसके तहत 564.45 करोड़ लीटर एथेनॉल के लिए आशय पत्र (एलओआईज) जारी किए गए। 30 जुलाई, 2023 तक ओएमसीज को 386.77 करोड़ लीटर एथेनॉल प्राप्त हुआ है, जिससे ईएसवाई 2022-23 के लिए 11.77% संचयी मिश्रण किया जा सकता है।

2. वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, ओएमसीज ने दिनांक 31 जुलाई, 2023 तक जैव डीजल मिश्रण कार्यक्रम के लिए 15.10 करोड़ लीटर जैव डीजल खरीदा है।

3. तेल और गैस पीएसयूज ने 2026 तक 33.17 केटीपीए के पायलट और वाणिज्यिक ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित करने की दिशा में विभिन्न कदम उठाए हैं। गेल ने इंदौर सीजीडी में ~2% हाइड्रोजन मिश्रण कार्यान्वित किया है। ओआईएल ने जोरहाट में निजी उपयोग के लिए प्राकृतिक गैस के साथ ~2% हाइड्रोजन मिश्रण भी कार्यान्वित किया है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने परिवहन में हाइड्रोजन को बढ़ावा देने के लिए कई पहलें की हैं, जिनमें राजघाट डिपो, दिल्ली में ईंधन के रूप में सीएनजी (एच-सीएनजी) के साथ मिश्रित हाइड्रोजन पर चलने वाली 50 बसों का ट्रायल रन और वडोदरा-कावेडिया और जोरहाट-

काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान जैसे मार्गों पर हाइड्रोजन ईंधन सैल बसों का परीक्षण प्रचालन शामिल है। ।

V. आयात निर्भरता कम करना

1. भारत ने अप्रैल-जून 2022 के दौरान 48.1 बिलियन अमरीकी डॉलर मूल्य के 60.7 एमएमटी के आयात की तुलना में अप्रैल-जून 2023 के दौरान 31.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के 60.1 एमएमटी कच्चे तेल का आयात किया। अप्रैल-जून 2023 के दौरान कच्चे तेल पर आयात निर्भरता 88.3% थी। जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान यह 86.5% थी।

2. भारत ने अप्रैल-जून 2022 की अवधि के दौरान 4.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर के 7.27 बीसीएम एलएनजी आयात की तुलना में अप्रैल-जून 2023 के दौरान 3.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर के एलएनजी के लिए 7.59 बीसीएम का आयात किया। अप्रैल-जून 2023 के दौरान प्राकृतिक गैस पर आयात निर्भरता 47.6% थी, जबकि अप्रैल-जून 2022 के दौरान यह 46.6% थी।

VI. जीईएम अधिप्राप्ति

तेल पीएसयू ने 31 जुलाई, 2023 तक जीईएम पोर्टल के माध्यम से 8681.06 करोड़ रुपये की वस्तुओं की अधिप्राप्ति की। पोर्टल पर उपलब्ध वस्तुओं की 100% अधिप्राप्ति जीईएम के माध्यम से की जा रही है।

## VII. अंतरराष्ट्रीय सहयोग

1. ऑफशोर बिड राउंड ओएएलपी-9 के लिए प्री-बिड कॉन्फ्रेंस 6 से 7 जुलाई 2023 तक ह्यूस्टन, यूएसए में आयोजित की गई थी। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सचिव, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस ने किया था। पूर्ण सत्र में 35 कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले करीब 60 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में (i) व्यावसायिक सत्र और (ii) सचिव, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस के नेतृत्व में आमने-सामने की बातचीत भी शामिल थी।

2. यूएच के परिसर में ईएंडपी डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए भारत ऊर्जा सप्ताह 2023 के दौरान डीजीएच और ह्यूस्टन विश्वविद्यालय (यूएच) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यूएच-डीजीएच डेटा सेंटर दिनांक 07.07.2023 को सचिव, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस द्वारा लॉन्च किया गया था, जिसके बाद ह्यूस्टन विश्वविद्यालय द्वारा एक संगोष्ठी आयोजित की गई थी।

3. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सचिव ने दिनांक 17 जुलाई 2023 को नई दिल्ली में यूएस-भारत कार्यनीतिक स्वच्छ ऊर्जा भागीदारी - उभरते ईंधन और प्रौद्योगिकी स्तंभ के तहत कार्बन के भूवैज्ञानिक भंडारण पर भारत-अमेरिका कार्यशाला में भाग लिया।

4. माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस एवं आवास और शहरी कार्य मंत्री ने दोनों देशों के बीच मुख्य रूप से तेल और गैस के क्षेत्र में चल रहे व्यापार और द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करने के लिए 18 जुलाई 2023 को यूनिका के सदस्यों के साथ ब्राजीलियाई संसदीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की।

5. माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस एवं आवास और शहरी कार्य मंत्री ने 18 जुलाई 2023 को नई दिल्ली में अमेरिकी ऊर्जा सचिव महामहिम जेनिफर ग्रानहोम के साथ अमेरिकी-भारत रणनीतिक स्वच्छ ऊर्जा साझेदारी (एससीईपी) की मंत्रिस्तरीय बैठक की सह-अध्यक्षता की। अमरीका और भारतीय सरकारों की एजेंसियों ने सहयोग के पांच तकनीकी क्षेत्रों में कई उपलब्धियों का प्रदर्शन किया: 1) बिजली और ऊर्जा दक्षता, 2) नवीकरणीय ऊर्जा, 3) जिम्मेदार तेल और गैस, 4) सतत विकास और 5) उभरता हुआ ईंधन और प्रौद्योगिकी। दोनों मंत्रियों ने पुष्टि की कि एससीईपी दोनों देशों के लिए विकास की अच्छी दर सुनिश्चित करते हुए डीकार्बोनाइजेशन के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है और आशा व्यक्त की कि एससीईपी के तहत किए गए कार्य एक नए और आशाजनक भविष्य का मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे।

6. माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस एवं आवास और शहरी कार्य मंत्री ने अमरीकी ऊर्जा सचिव महामहिम जेनिफर ग्रानहोम के साथ यूएस-भारत ऊर्जा गोलमेज सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की, जिसे दिनांक 18 जुलाई 2023 को नई दिल्ली में अमरीका भारत कार्यनीतिक भागीदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) की मेजबानी में आयोजित किया गया था।

7. सचिव, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस ने महामहिम अलेक्जेंड्रे सिल्वेरा डी ओलिवेरा, खान और ऊर्जा राज्य मंत्री, ब्राजील के विशेष निमंत्रण पर दिनांक 20 जुलाई 2023 को सतत गतिशीलता: एथेनॉल वार्ता, विशेष संस्करण ऊर्जा सप्ताह, भारत में भाग लिया। । सेमिनार का आयोजन ब्राजील की ओर से यूएनआईसीए, एपीएलए और भारत की ओर से आईएसएमए और एसआईएएम द्वारा किया गया था। सेमिनार के दौरान, माननीय खान और ऊर्जा राज्य मंत्री, ब्राजील ने वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन विकसित करने की भारत की पहल का समर्थन करने पर सहमति व्यक्त की।

8. माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस एवं आवास और शहरी कार्य के मंत्री ने दिनांक 22 जुलाई 2023 को गोवा में टी20 में 'ग्लोबल साउथ प्रगति को सशक्त बनाना: सभी के लिए सुलभ और किफायती स्वच्छ ऊर्जा' विषय पर एक सत्र को संबोधित किया। माननीय मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि दुनिया की लगभग 8 अरब आबादी का लगभग 75% हिस्सा वैश्विक दक्षिण में रहता है, जिसमें 195 मौजूदा देशों में से 155 देश शामिल हैं, वैश्विक ऊर्जा विमर्श को ऊर्जा उपलब्धता, सामर्थ्य और स्थिरता की जरूरतों पर विचार करना होगा क्योंकि उनकी अर्थव्यवस्थाएं मूल्य अस्थिरता के प्रति अपेक्षाकृत अधिक संवेदनशील हैं।

9. माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस एवं आवास और शहरी कार्य मंत्री ने दिनांक 22 जुलाई 2023 को गोवा में वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन पर एक विशेष मंत्रिस्तरीय परामर्श और सिफारिशों संबंधी बैठक की अध्यक्षता की। ब्राजील, अमरीका, इटली, अर्जेंटीना केन्या और संयुक्त अरब अमीरात सहित उन्नीस देश और आईईए, आईईएफ, आईआरईएनए, डब्ल्यूईएफ, विश्व बैंक सहित 11 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने नीति, प्रौद्योगिकी और कार्यान्वयन में सर्वोत्तम पद्धतियों को साझा करने के महत्व पर प्रकाश डाला। मंच ने माना कि फीडस्टॉक प्रबंधन, मानकों के विकास और तकनीकी नवाचारों जैसी चुनौतियों पर काबू पाने के लिए एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता है और वैश्विक गठबंधन बनाने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए भारतीय प्रेसीडेंसी की पहल का स्वागत किया। मंत्रिस्तरीय परामर्श के समापन के बाद, माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस एवं आवास और शहरी कार्य मंत्री ने केन्या, ब्राजील, ओपेक और इटली के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं।

10. माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस एवं आवास और शहरी कार्य मंत्री ने दिनांक 22 जुलाई 2023 को गोवा में सीओपी28 के मनोनीत अध्यक्ष, जलवायु परिवर्तन के लिए संयुक्त

अरब अमीरात के विशेष दूत और उद्योग और उन्नत प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. सुल्तान अल जाबेर से मुलाकात की। मंत्री ने वर्तमान ऊर्जा प्रणाली को डीकार्बोनाइज़ करने और ऊर्जा बदलाव में तेजी लाने पर केंद्रित सीओपी28 की प्राथमिकताओं पर चर्चा की।

VIII विविध

1. एमओपीएंडएनजी ने दिनांक 6 जुलाई 2023 को अमरीका के ऊर्जा विभाग (डीओई) के दीर्घकालिक परिवहन उप सहायक सचिव श्री माइकल बेरुबे के नेतृत्व में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के साथ उभरते ईंधन और प्रौद्योगिकी क्षेत्र पर एक वर्चुअल बैठक की सह-अध्यक्षता की।

2. एमओपीएंडएनजी ने हाइड्रोकार्बन क्षेत्र के दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा करने के लिए दिनांक 31 जुलाई, 2023 को तेल मंत्रालय, कुवैत के तकनीकी मामलों के सहायक अवर सचिव श्री खालिद डब्ल्यू. अल-डेयिन के साथ संयुक्त कार्य समूह की 6वीं वर्चुअल बैठक की सह-अध्यक्षता की। ।

3. आईओसीएल ने निम्नलिखित विवरण के अनुसार दीर्घकालिक आधार पर एलएनजी प्राप्त करने के लिए दो प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं: -

I. 14 वर्षों की अवधि के लिए एडीएनओसी एलएनजी से 1.2 एमएमटीपीए एलएनजी की प्राप्ति।

II. 10 वर्षों की अवधि के लिए टोटलएनर्जीज़ से 0.80 एमएमटीपीए एलएनजी की प्राप्ति ।

दोनों सौदों के तहत आपूर्ति वर्ष 2026 से शुरू होने की उम्मीद है।